## खबर संक्षेप

### बड़वारा विधायक ने किया पंखों का वितरण



**कटनी।** भीषण गर्मी के को देखते हुए बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा बड़वारा की चार आंगनबाड़ी केंद्रों में सीलिंग पंखा वितरण किया गया। बसाड़ी में तीन आंगनवाड़ी केंद्रों में सीलिंग पंखे बांटे गए। दिनों दिन बढ़ रहे तापमान के कारण बच्चों को आंगनबाड़ी में काफी परेशानी का सामना कर पड़ रहा था, नौनिहाल छोटे बच्चे पसीने से तरबतर हो रहे थे, जिसकी जानकारी विधायक को लगने पर सीलिंग पंखे का वितरण किया गया। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जन हितैषी कार्य करवाना सरकार की प्राथमिकता है जिसको निरन्तर जारी रखा जाएगा। विकास कार्यों व सामजिक कार्यो को अनवरत जारी रखा जाएगा। इस दौरान बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह , सोनू गोस्वामी, हर्ष द्विवेदी, मुन्नू सेन, राजेश चौधरी एवं आंगनबाड़ी केंद्र कार्यकर्ता की उपस्थिति रही ग्राम की महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

### जिला पंचायत की सामन्य बैठक 1 मई को

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक गुरुवार 1 मई को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 2 मई को आयोजित की जायेगी। पहले यह बैठक गुरुवार 17 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होनी थी। जिसे जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया है। बैठक का एजेंडा पूर्ववत ही रहेगा। सामान्य प्रशासन समिति के सभी सदस्यों और सामान्य सभा की बैठक से संबंधित सदस्यों से तय तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### शा कन्या विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 24 तक

**कटनी।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं की कुल 83 रिक्त सीटों को विद्यालय स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से मेरिट के आधार पर भरा जायेगा। आवेदन हेतु अंतिम तिथि 24 अप्रैल है। जबकि प्रवेश परीक्षा 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक होगी। यह प्रवेश परीक्षा कक्षा 7वीं में 20, 8वीं में 3, 9वीं में 8 एवं कक्षा 10वीं में 5 रिक्त सीटों जबकि कक्षा 11वीं में 19 एवं कक्षा 12वीं में 28 रिक्त सीटों के लिए आयोजित की जायेगी। कक्षा 7वीं में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की आयु सीमा 11-14 वर्ष होनी चाहिए। इसी प्रकार 8वीं में प्रवेश हेतु 12-15 वर्ष, 9वीं में प्रवेश हेतु 13-16 वर्ष एवं कक्षा 10वीं में प्रवेश हेतु 14-17 वर्ष होनी चाहिए। जबकि कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिये आयु सीमा में प्रतिबंध नही है किन्तु विद्यार्थी द्वारा दसवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण करने के वर्ष में प्रवेश मांगा हो। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में प्रवेश के लिये कोई ऊपरी एवं निचली आयु सीमा में प्रतिबंध नही है, किन्तु विद्यार्थी द्वारा कक्षा 11वीं उत्तीर्ण करने के वर्ष में प्रवेश मांगा हो। विकलांग विद्यार्थियों को अधिकतम 2 वर्ष की छूट मिलेगी। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का पिछली कक्षा में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

### शिकायतों का निराकरण न करने पर होगी कार्रवाही

**कटनी।** नगर पालिक निगम में विभिन्न शाखाओं की लंबित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को जल्द से जल्द निराकरण करने के आदेश आयुक्त ने दिए हैं। आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को इस कार्य में विशेष रूचि दिखाकर शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर अपना ग्रेडिंग स्कोर ए ग्रेड एवं 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक लाने के निर्देश दिये है। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के मामले में रुचि नहीं दिखाने अथवा कार्य संतुष्टि प्रद न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी,कर्मचारी के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया है।

# शुभ मुहूर्त पर गूंज रहीं शहनाईयां, खरीददारी करने बाजार में बढ़ी रौनक, करोड़ों का होगा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वैवाहिक और मांगलिक कार्य शुरू हो गए हैं। जिसके चलते बाजार में शादी-विवाह के लिए खरीदारी होने लगी है। कोई आभूषण की बुकिंग करा रहा है, तो कोई उपहार में देने के लिए जेवरात और अन्य गिफ्ट आयटम खरीद रहे हैं। पिछले लंबे समय से ठंडा हुआ बाजार अब शादियों के सीजन से गुलजार होने लगा है। लोग गहने, कपड़े और फर्नीचर सहित अन्य सामान की खरीदारी कर रहे हैं। दरअसल, वैवाहिक कार्यक्रम के चलते बाजार में जमकर सामान की खरीदारी होने लगी है। वहीं व्यापारियों का कहना है कि शादियों का सीजन शुरू होने से व्यापार में उठाव आने की उम्मीद हैं। शादी-विवाह की तैयारी के लिए और उपहार में देने के लिए बाजार में फर्नीचर की दुकानों पर भी अलमारी, डबल व सिंगल बेड आदि की खरीददारी ज्यादा रही। इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर भी आयटम आदि की खरीददारी ज्यादा रही है।

वैवाहिक सीजन के इन दो माह में जिले में दो हजार से अधिक विवाह का अनुमान है। शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बैंड बाजे की आवाज गूंजने लगी हैं। सवा महीने



से बंद विवाह और अन्य मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो गए हैं। पहला विवाह मुहूर्त 14 अप्रेल को रहा। जून में फिर तारा अस्त होने से ये शादियों का सीजन 2 माह का ही रहेगा। जिसमें 30 अप्रेल और पूर्णिमा 12 मई के अबूझ मुहूर्त भी हैं। यही वजह है कि इस बार इन 2 महीनों में शहर सहित जिले भर में अधिक शादियां होने का अनुमान है। ज्योतिषियों के अनुसार 14 अप्रेल से 8 जून तक विवाह के 29 मुहूर्त हैं। मई माह में सबसे अधिक शादियां होंगी। वैवाहिक सीजन के साथ वर-वधु व परिजनों के लिए कपड़े, ज्वेलरी, बर्तन, गिट आइटम सहित अन्य सामग्री की खरीदी के चलते बाजार में रौनक आ गई है। खेतों में फसल के आ जाने से सीजन में मंडी से लेकर बाजार तक गुलजार नजर आ रहा है। बाजार में भीड़ बढ़ गई है, वहीं लोग शादी-विवाह की तैयारियों में जुटे हैं। शहर के सभी मैरिज हॉल और गार्डन बुक हो चुके हैं। डीजे, बैंड, घोड़ा और बग्घी वालों की भी बुकिंग हो गई है। वहीं बाजार के कारोबारियों का कहना है कि शादियों का सीजन शुरू होने से व्यापार में उठाव आ गया हैं। शादी आयोजक गिफ्ट देने के लिए कूलर, फ्रीज, एलईडी की मांग कर रहे हैं। इसके चलते इलेक्ट्रॉनिक आइटम के बाजार में भी तेजी बनी हुई है। इलेक्ट्रोनिक शोरूम संचालकों के अनुसार शादी और गर्मी के चलते कूलर, एलईडी और फ्रीज की अच्छी डिमांड है। वॉशिंग मशीन व अन्य छोटे आइटम की बिक्री भी बढ़ गई है।

ज्वैलर्स सतीष सोनी के अनुसार दीपोत्सव के बाद से ही शादी-ब्याह के लिए गहनों की खरीदी शुरू हो जाती है। महंगाई के बाद भी वर वधु को उपहार देने व स्वंय के लिए ज्वेलरी की मांग बढ़ गई है। शहर के बाजार में बर्तनों की दुकानों में भी अच्छी खासी रौनक है। शगुन के बतौर पीतल, कांसे के बर्तनों की अधिक खरीदी की जा रही है। स्टील के बर्तनों की भी मांग है।

इसके साथ ही किराना कारोबार बढ़ गया है। सबसे ज्यादा चमक शहर के कपड़ा बाजार में है। यही वजह है कि साड़ी बाजार में अभी अच्छा रुझान है। लहंगा, साड़ियों की अच्छी खरीदारी बनी हुई है। वर्क वाली लहंगे की अच्छी डिमांड है। साथ ही महिलाएं फैशन व गर्मी के चलते कम वजन वाली और ट्रेंडिंग साड़ियों पर अधिक ध्यान दे रही हैं। पूरे परिवार के लिए भी कपड़े खरीदे जा रहे हैं।

## पीओएस मशीन से रोकी जा सकती है टैक्स चोरी, होगी पारदर्शिता

# बिना पीओएस मशीन के बेची जा रही शराब, मोहन सरकार की नीति फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आबकारी की नई नीति में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इन नियमों के तहत सभी शराब दुकानों में POS मशीन लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना POS मशीन के शराब बेचने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना का भी प्रावधान है इसके साथ ही अगर पीओएस मशीन नहीं लगवाई जाती और बार-बार इस नियम तोड़ा जाता है तो जुर्माना की राशी बढ़ती जावेगी। प्रदेश की मोहन सरकार भले ही राजस्व को बढ़ाने तमाम नियमों को लागू कर दे लेकिन कटनी शहर के ठेकेदार ऐसे किसी भी नियमों को मानने तैयार नहीं है। शहर के ठेकेदार राज्य सरकार के नियमों को खुलेगाम चुनौती देते हुए बिना पीओएस मशीन का विक्रय लगातार करते आ रहे हैं।

वैसे तो पीओएस मशीन से शराब विक्रय का नियम एक अप्रैल से लागू हो गया है, बावजूद इसके एक दो नहीं बल्कि शहर की किसी भी शराब दुकान में पीओएस मशीन से शराब का




विक्रय नहीं किया जा रहा है। पीओएस मशीन की अनिवार्यता लागू होने के बाद भी आबकारी विभाग इसे लागू कराने में कोई रूची नहीं दिखा रहा है।

### पीओएस मशीन से होगी निगरानी

भाजपा की मोहन यादव सरकार ने मशीन लगाने का फैसला शराब की बिक्री पर नजर रखने के लिए लिया गया है। इससे सरकार को टैक्स चोरी रोकने में मदद मिलती साथ ही, यह भी पता चल सकेगा कि कौन सी दुकान कितनी शराब बेच रही है। यह पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्णवस राज्य सरकार के तमाम नियमों को शहर के ठेकेदार द्वारा दरकिनार कर स्वयं के नियमों से शराब दुकान का संचालन कर सरकार को खुली चुनौती दे रहे हैं, हैरानी की बात तो यह है कि इसकी जानकारी आबकारी विभाग के साथ शासन प्रशासन को होने के बाद भी पीओएस मशीन से शराब विक्री नहीं कराई जा रही है। जिससे न तो यह पता किया जा सकता है कि किसी दुकान से कितनी शराब का विक्रय किया जा रहा है और न ही टैक्स चोरी की रकम का खुलासा हो सकता है।

### अवैध पैकारियां हो रही संचालित

शहर में आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर खुलेआम जमकर शराब पिलाई जा रही है। जिस पर लगाम लगाने में विभाग सफल नजर नहीं आ रहा है। शाम होते ही शहर कोतवाली, कुठला, माधव नगर, एनकेजे थानों में संचालित अवैध पैकारियों में जमकर जाम छलक रहे हैं।

### शराब के दाम एमआरपी से ज्यादा

शहर की लायसेंसी दुकानों में एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब का विक्रय किया जा रहा है, जिससे सुरा प्रेमियों को अपनी जेब ढ़ीली करना पड़ रही है। न तो दुकानों में शराब की रेट लिस्ट चस्पा की गई है और न ही नियमों का पालन किया जा रहा है। शराब ठेकेदार को राज्य सरकार के नियमों का पालन करवा पाने में आबकारी विभाग भी लाचार साबित हो रहा है।

# क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों की अब खैर नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधव नगर के नवागत थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने अपनी कमान संभालते हुए साफ लहजे में बता कि अब आपराधिक गतिविधयां करने वाले संभल जाएं वरना अब उनकी खैर नहीं। क्षेत्र में किसी भी प्रकार से शांति भंग करने या अराजकता फैलाने की कोशिश की गई तो ऐसे में उनको किसी भी प्रकार बख्शा नहीं जावेगा। अपराधियों पर नकेल कसने थाना प्रभारी ने अपनी कमर कस ली है।

क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पैदल शाम को मुख्य बाजार सहित आस पास के क्षेत्र की पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान उन्होनें व्यापारियों को अव्यवस्था न फैलाने के लिए जागरूक रहने को कहा। बातचीत करते हुए थाना प्रभारी माधव नगर अभिषेक चौबे ने बताया कि इस दौरान सुनसान क्षेत्र में अनायास खड़े पाए गए आवारा तत्वों को फटकार लगाते हुए उनसे वहां मौजूद होने का कारण पूछा गया। साथ ही बाजार में भ्रमण करते हुए अवस्थित रूप से खड़े वाहन एवं सड़क पर पहले सामान को व्यवस्थित रूप से रखने के लिए दुकानदारों को समझाया गया। थाना प्रभारी चौबे ने कहा कि क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। पुलिस के द्वारा क्षेत्र के गुंडे बदमाशों के ऊपर विशेष निगाह रखी जा रही है। अपराध या अपराधी से संबंधित कोई भी सूचना मिलती है तो पुलिस तत्काल कार्यवाही अवश्य की जाएगी।

## ढ़ीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के करौंदी बीट का मामला

# सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में मृत मिला तेंदुआ, जांच में जुटा वन अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढ़ीमरखेड़ा

वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के करौंदी बीट अंतर्गत महनेर पहाड़ी के नीचे गुरुवार को एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिला। मृत तेंदुए की उम्र करीब तीन वर्ष की बताई जा रही है। मृत तेंदुआ की खबर पाकर वन विभाग का अमला मौके पर पहुचां। वन अमला द्वारा एकत्रित भीड़ को अलग कर घटना स्थल को सील किया। घटना के बाद वन विभाग का अमला देररात तक कार्रवाई में जुटा रहा।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उमरियापान-ढीमरखेड़ा मुख्य मार्ग पर महनेर गांव के समीप हुई घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप



का माहौल बन गया। घटना की खबर जैसे जैसे लोगों को मिलने लगी वहां काफी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई। ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि करौंदी बीट के राजस्व क्षेत्र महनेर पहाड़ी के नीचे एक तेंदुए की मृत अवस्था में सड़क किनारे पड़े होने की जानकारी गुरुवार की शाम करीब चार बजे मिली। मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का जायजा लिया और संबंधित क्षेत्र को लाल फीते से सील किया। डीएफओ गौरव शर्मा को घटना की जानकारी दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि जबलपुर के बाद शहडोल डॉग स्क्वायड टीम से संपर्क किया गया, लेकिन टीम के बाहर होने पर सतना जिले से डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया गया हैं। देररात तक वन विभाग का अमला घटनास्थल पर तैनात रहा। आशंका जताई जा रही है कि संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे मिले तेंदुए की मौत प्यास और बीमार होने के कारण हुई है। हालांकि वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि तेंदुए की मौत कैसे हुई है,पोस्टमार्टम के बाद इसका खुलासा होगा। मामले पर वन विभाग का अमला जांच में जुटा है।

## अल्प प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव



**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गुरुवार की शाम को झिंझरी स्थित हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से आगमन हुआ। मुख्यमंत्री का स्वागत विधायक प्रणय पांडेय और धीरेन्द्र बहादुर सिंह, एवं महापौर श्रीमती प्रीति सूरी व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने किया। हेलीपैड पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने गुलदस्ता भेंट कर अगवानी की। इस दौरान भाजपा के अन्य कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## समूहों को मिला 8 उपार्जन केन्द्रों में खरीदी का दायित्व मिला

# जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जन के 85 केन्द्र तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए जिले में 85 खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं। जिले में 5 मई तक उपार्जन कार्य किया जायेगा। इस साल समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल और 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस को मिलाकर 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों से गेहूँ खरीदा जा रहा है।

जिला उपार्जन समिति द्वारा लिए गये निर्णय के आधार पर 76 उपार्जन केन्द्र पहले ही बनाये जा चुके हैं। इनमें से 15 उपार्जन केन्द्रों में बिक्री हेतु गेहूँ की आवक शुरू हो गई है। वहीं गुरुवार को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने एक आदेश जारी कर 8 महिला स्व-सहायता समूह को गेहूँ के उपार्जन कार्य का दायित्व सौंपा है। जिसमें विजयराघवगढ़ तहसील में धबैया उपार्जन केन्द्र के उपार्जन का दायित्व पूनम स्व-सहायता समूह देवरी मझगवां को सौंपा गया है। इसी प्रकार बरही



तहसील में गेहूँ उपार्जन केन्द्र पिपरियाकला-2 ने गेहूँ खरीदी का कार्य गुलाब स्व-सहायता समूह पिपरियाकला को, उपार्जन केन्द्र हदरहटा-2 का दायित्व राधाकृष्ण स्व-सहायता समूह करेला को तथा करेला उपार्जन केन्द्र की जिम्मेदारी खुशी स्व-सहायता समूह केवलारी को और बगैहा उपार्जन केन्द्र का दायित्व शिवराज स्व-सहायता समूह छिदहाई पिपरिया को सौंपा गया है।

इसके अलावा ढीमरखेड़ा तहसील में उपार्जन केन्द्र खमतरा का दायित्व दुर्गा आजीविका स्व-सहायता समूह बनहरी को एवं कटरिया उपार्जन केन्द्र की जिम्मेदारी जागृति स्व-सहायता समूह सनकुई को और उपार्जन केन्द्र सिलौड़ी ने गेहूँ उपार्जन का दायित्व एकता स्व-सहायता समूह को सौंपा है।

कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक किया जायेगा एवं कृषक तौल पर्ची सायं 6 बजे तक जारी की जायेगी। जिन कृषकों की उपज की तौल अपरिहार्य कारणवश सोमवार से शुक्रवार के बीच निर्धारित दिवस को नहीं हो सकेगी, उनकी तौल शनिवार को की जायेगी। उपार्जन केन्द्र संचालन हेतु आवश्यक भौतिक एवं मानव संसाधन की व्यवस्था केन्द्र संचालन संस्था के द्वारा की जायेगी। सहायक आयुक्त सहकारिता एवं नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यक भौतिक एवं मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु नोडल अधिकारी होंगे।

उपार्जन केन्द्र पर एफएक्यू गुणवत्ता संबंधी बैनर का प्रदर्शन अनिवार्यतः किया जायेगा। उपार्जन केन्द्र पर संबंधित केन्द्र प्रभारी उपज की साफ-सफाई ग्रेडिंग (छन्ना, पंखा आदि) में होने वाले मजदूरी व्यय का प्रदर्शन अनिवार्य रूप से करेंगे। उपार्जन केन्द्र के कम्प्यूटर ऑपरेटर ई-उपार्जन पोर्टल पर प्रथमतः लॉगिन कर गुणवत्ता सर्वेयर को पंजीकृत करना, केन्द्र पर उपलब्ध तौल कांटों की प्रविष्टि, अपने समीपस्थ धर्म कांटे की प्रविष्टि का भी कार्य करेगें।

### 18-19 अप्रैल को अवकाश पर सभी उपार्जन केन्द्रों पर खरीदी

**कटनी।** अन्नदाताओं की सुविधा और हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि अब सभी उपार्जन केन्द्रों पर आगामी 18 और 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद गेहूं की खरीदी का कार्य निर्बाध रूप से जारी रहेगा। इसके लिए किसान स्लॉट बुक करा सकते हैं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बताया कि यह निर्णय किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। किसान इन तिथियों में स्लॉट बुक कर बिना किसी परेशानी के गेहूं विक्रय कर सकेंगे। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कलेक्टर ने उपार्जन कार्य से संबद्ध सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में उपार्जन केन्द्रों की निरंतर मॉनीटरिंग करें। उपार्जन कार्य से जुड़े कर्मचारियों, अधिकारियों को हिदायत दी गई है कि किसानों को इंतजार न करना पड़े, तुलाई, रख-रखाव, भुगतान और परिवहन की सभी व्यवस्थाएँ कराई जावें।

# शाला में अनुपस्थित रहने पर शिक्षक राकेश का निलंबन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय प्राथमिक शाला भदनपुर संकुल शासकीय उ.मा.वि. बड़गांव विकासखण्ड रीठी के प्राथमिक शिक्षक शराकेश जैन द्वारा विगत तीन माह में मात्र 3 दिवस ही शाला में उपस्थित रहने तथा शेष दिवसों में शाला से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने की शिकायत को सही पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने प्राथमिक शिक्षक राकेश जैन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह सिंह ने यह निलंबन की कार्यवाही प्राप्त शिकायत के आधार पर प्रकरण की जांच विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रीठी के प्रतिवेदन पर की है। जांच अधिकारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रीठी के द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार राकेश जैन, प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला भदनपुर के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की सत्यता पाए जाने पर कार्यालयीन पत्र द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर प्रतिवाद चाहा गया। प्रतिवेदन में जो जवाब प्रस्तुत किया गया वह संतोषप्रद नही पाया गया है। संबंधित का उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम (1), (2) एवं (3) के विपरीत होकर लापरवाही एवं गंभीर कदाचरण प्रमाणित होने पर म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) 1966 के नियम 9 के प्रावधान अनुसार राकेश जैन, प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला भदनपुर संकुल शासकीय उ.मा.वि. बड़गांव विकासखण्ड रीठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बहोरीबंद नियत किया जाता है, बताया जाता है कि निलंबन अवधि में राकेश जैन को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## खबर संक्षेप

### दशरमन में हुआ प्रहलाद पटेल का स्वागत

**सिलौड़ी।** ग्राम दशरमन में पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी और सरपंच सीमा भरत शुक्ला के नेतृत्व में स्वागत हुआ। सरपंच सीमा भरत सिंह ने मंत्री को पत्र के माध्यम से महादेवी मंदिर में सीडी रोड निर्माण, दशरमन से बरहटा घाट पुल निर्माण, सामुदायिक भवन, सनत्रा देवरी मार्ग बनाने की मांग की है। इस दौरान सरपंच अनिल सिंह बागरी, भगवती शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, अनिल पांडे, सोनू दुबे, अमरेश राय आदि मौजूद रहे।

### 48 हजार की स्मैक सहित महिला गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली थानांक्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने एक महिला को स्मैक का कारोबार करते हुए गिरफ्तार किया है। घटना की जानकारी पुलिस ने देते हुए बताया कि बैलट घाट के पास एक महिला काले रंग का हेण्ड बैग लिए संदिग्द्ध अवस्था में खड़ी थी, जैसे ही उसने पुलिस की गाडी को देखा वह हडबडाकर भागने का प्रयास करने लगी। जिसे महिला स्टाफ की मदद से रोककर पूछताछ की गई। महिला खिरहनी फाटक की निवासी है, पुलिसिया पूछताछ के दौरान महिला काफी घबरा रही थी। महिला आरक्षक के द्वारा उसके बैग की तलाशी लेने पर उसमें एक मोबाईल फोन, 210 रू नगद एवं एक सफेद रंग के कागज की पुड़िया मिली। जिसे खोलकर देखने पर उसमें हल्के भूरे रंग का पाउडरनुमा मादक पदार्थ स्मैक जैसा पदार्थ दिखाई दिया। महिला से पूछने पर उसके द्वारा भी पुड़िया में स्मैक होना बताया गया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसके कब्जे से 4.66 ग्राम स्मैक जब्त किया गया। आरोपी महिला के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। बताया जाता है कि पकड़ी गई आरोपिया के विरूद्ध पूर्व में भी वर्ष 2017 एवं वर्ष 2019 में मामले दर्ज हो चुके है।

### अंबेडकर सेवा मंडल का कार्यक्रम आयोजित



**कटनी।** अंबेडकर सेवा मंडल द्वारा गुरूवार को प्रेमनगर में बाबा साहेब की जयंती का आयोजन किया गया। आयोजन में अरविंद सिंह धुर्वे के मुख्य अतिथि में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष सोहन लाल चौधरी, भीम युवा शक्ति संगठन के संस्थापक राहुल चौधरी, पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता, संदीप रैदास, कुमारी दीक्षा एवं कुमारी दिवायनी मौजूद रही। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रथम बाबा साहब के छाया चित्र में माल्यार्पण कर किया गया तथा अतिथियों ने अपने- अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि श्री धुर्वे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों को बिरसा मुंडा समझना होगा अनुसूचित जनजाति समाज के लोगों को बाबा साहेब को समझाना चाहिए, ओबीसी समाज को बिरसा मुंडा एवं बाबा साहब को समझना होगा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति को महात्मा ज्योतिबा फुले को समझना होगा यदि समाज का विकास करना है तो एक दूसरे से जुड़कर रहना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबेडकर मंडल के अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने की तथा कार्यक्रम का संचालक संजय परस्ते द्वारा किया गया।

### 7 दिन में जानकारी दें ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायी

**कटनी।** ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी द्वारा पूर्व में व्यवसाय हेतु भूखंड, प्लाट आवंटित किये जाने हेतु आवेदन नगर पालिक निगम में प्रस्तुत किया गया था। वर्तमान में नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए ट्रांसपोर्ट नगर एवं भूमि आवंटन संबंधी प्रक्रिया प्रगतिरत है। निगमायुक्त के निर्देश पर 11 ट्रांसपोर्ट व्यवसायी को भूमि आवंटन संबंधी आगामी कार्यवाही को दृष्टिगत रखते हुए ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से वर्तमान में व्यवसाय किये जाने का स्थल एवं प्रमाणित अभिलेख सहित आवश्यक जानकारी पत्र प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर समक्ष में प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया है।

---

दांव पर जान लगाकर जाने मजबूर हैं मासूम नौनिहाल बच्चे, प्रशासन बेखबर

# स्कूली वाहनों में नियम हुए दरकिनार

शहर सहित जिले भर में स्कूली वाहन चालकों द्वारा मनमानी करते हुए बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं। पूर्व में कई बार क्षमता से अधिक बच्चों को लाते ले जाते समय हादसे भी हो चुके हैं। पुलिस द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा जिससे स्कूली आटो व मैजिक चालक बच्चों की जीवन खतरे में डाल रहे हैं। सुबह सुबह शहर में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर स्कूल जल्दी पहुंचाने के चक्कर में फर्राटें भरते देखे जा सकते हैं। तेज रफ्तार से दौड़ रहे इन वाहनों में हो रही अनदेखी से कभी भी कोई हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्कूली वाहनों के लिए बनाई गई सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का कहीं भी पालन नहीं किया जा रहा है। शहर में वैन, मैजिक और सवारी ऑटो में असुरक्षित रूप से क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर उनकी जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। इनमें से अधिकतर वाहन तो ऐसे हैं, जो कंडम स्थिति में हैं फिर भी इन्हीं वाहनों में बच्चों को ढोया जा रहा है, जो कि किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इतना ही नहीं अकसर ये वाहन चालक बगैर लाइसेंस के जिला मुख्यालय की सड़कों पर बेखौफ वाहन दौड़ा रहे हैं। मगर यहां हैरत की बात ये है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी की जा रही है, और जिम्मेदार उदासीन बने हैं। हालांकि कभी-कभार औपचारिकता वश परिवहन विभाग और प्रशासन के अधिकारी कार्रवाई कर लेते हैं। मगर बाद में वही लापरवाही शुरू हो जाती है। कुछ बच्चे पीछे की तरफ लटककर या फिर गेट पर बैठकर जाते हैं, जिससे हादसे हो सकते हैं। वहीं वैन, ऑटो और मैजिक वाहनों में ड्रायवर के अलावा दूसरा कर्मचारी तैनात नहीं होता, जिससे बच्चों पर निगरानी हो सके।

वहीं स्कूलों में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को गियर वाले वाहन से आते जाते देखा जा सकता है, जो बिना लायसेंस गियर वाले वाहनों को तेज रफ्तार में सड़कों पर दौड़ा रहे हैं, यातायात नियमों की धज्जियां खुलेआम उड़ाई जा रही हैं।

#### गाइट लाइन के अनुसार इन नियमों का पालन जरूरी

- मैजिक ऑटो, वैन सहित सभी स्कूली वाहनों का रंग पीला होना आवश्यक है।
- इन सभी वाहनों पर हेल्पलाइन नंबर दर्ज होना चाहिए।
- वाहन चालकों के पास लाइसेंस वैध होना जरुरी है।
- स्कूल बसों की खिड़की और ऑटो के पिछले हिस्से में ग्रिल लगाई जाना आवश्यक है।
- गैस किट से कोई भी वाहन संचालित नहीं हों।
- सभी स्कूली वाहनों में अग्निशमन यंत्र लगे होना चाहिए।
- प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड बाक्स रखना बेहद जरूरी है।
- स्कूल वाहनों का बीमा, फिटनेस और परमिट वैध होना चाहिए।
- सभी वाहनों की निर्धारित समय पर प्रदूषण जांच हो।
- वाहनों की गति पर नियंत्रण के लिए स्पीड गवर्नर अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए।
- स्कूली वाहनों के ड्रायवर, कंडक्टर की निगरानी के लिए प्रत्येक स्कूल में एक यातायात प्रभारी बनाया जाए, जिससे उनकी मॉनीटरिंग आसानी से हो सके।
- वाहनों से स्कूल परिसर के अंदर बच्चों को छोड़ा जाए और अंदर से ही बच्चों को बैठाकर घर ले जाया जाए। सड़क पर वाहनों की घमाचौकड़ी से ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ाती है। लेकिन चालकों द्वारा नियमों के पालन में अनदेखी की जा रही है।

---

# शिक्षा विभाग ने तैयार किया एजूकेशन पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शिक्षा सत्र एक अप्रैल से एजुकेशन पोर्टल 3.0 तैयार किया है। इस पोर्टल में विभाग से जुड़ी मानव संसाधन की व्यापक जानकारी का समावेश किया गया है। इस पोर्टल से विभाग के कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया गया है। पोर्टल में मानव संसाधन से संबंधित जानकारी को कर्मचारी और विकासखण्ड स्तर पर वेरीफाई किया गया है। इसमें विभाग के करीब 2 लाख 75 हजार कर्मचारियों की समस्त जानकारी पारदर्शी रूप से पोर्टल पर प्रदर्शित की गयी है। विभाग के पौने तीन लाख कर्मचारियों के स्थानांतरण को भी पारदर्शी माध्यम से स्थानांतरण नीति-2022 के आधार पर ऑनलाइन ट्रांसफर मॉड्यूल तैयार किया गया है। उच्च पद प्रभार एवं अतिथि शिक्षक प्रक्रिया को भी पोर्टल पर ऑनलाइन किया जा रहा है। विभाग के सभी कर्मचारियों को वेतन पर्ची उनके मोबाइल पर प्राप्त हो सके, ऐसी व्यवस्था विभाग द्वारा की गयी है।

विभाग के कर्मचारी छोटी-छोटी समस्याओं के लिये जिला या मुख्यालय स्तर पर चक्कर न लगायें। इसके लिये उनकी शिकायतों के निराकरण के लिये परिवेदना प्रणाली को ऑनलाइन किया गया है। पोर्टल में इंटीग्रेटेड डेशबोर्ड से मुख्यालय, जिला और विकासखंड स्तर पर समस्त गतिविधियों की मॉनीटरिंग किये जाने की व्यवस्था की गयी है। एजुकेशन पोर्टल में एकीकृत डाटाबेस के आधार पर जानकारी तैयार की जा रही है। यह जानकारी सुरक्षित रहे, इसके लिये ब्लॉक चेन बेस्ड टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है। विभाग में विभिन्न जानकारियों के लिये अलग-अलग पोर्टल का उपयोग अब तक किया जा रहा था। अब विभाग में एकीकृत पोर्टल के माध्यम से सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा सकेगा।

एजुकेशन पोर्टल 3.0 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग किया जा रहा है। पोर्टल पर दी गई सुविधा से स्कूल स्तर पर विद्यार्थी एआई जैसी तकनीक का उपयोग कर सकेंगे। सीएम राइज योजना के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में सिलेबस, कैलेण्डर, टाइम-टेबल, टीचर एण्ड क्लॉस और स्कूल ट्रांसपोर्ट जैसी गतिविधियों को ऑनलाइन किया गया है। प्रदेश के सरकारी स्कूल की बसों में भी जीपीएस एवं कैमरों के माध्यम से मॉनिटरिंग की व्यवस्था एजुकेशन पोर्टल 3.0 में की गयी है। सभी सरकारी स्कूलों में उपलब्ध इन्फ्रा-स्ट्रक्चर और प्रोक्योरमेंट को भी ऑनलाइन किया गया है।

---

एक मोबाइल फोन से कई हितग्राहियों की होगी केवायसी

# अब मोबाइल से घर बैठे कर सकेगें राशन उपभोक्ता अपनी ई केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पात्र हितग्राही अब मोबाइल फोन के माध्यम से घर बैठे अपनी ई-केवायसी की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। मोबाइल एप पर घर बैठे ई-केवायसी की यह सुविधा केवल मध्यप्रदेश के राशन हितग्राहियों के लिये ही उपलब्ध रहेगी। इस मोबाइल एप को राज्य शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा तैयार किया गया है।



भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले सभी पात्र हितग्राहियों के लिये 30 अप्रैल तक ई-केवायसी की प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य किया गया है, ताकि आगे भी उन्हें निर्बाध रूप से बिना किसी कठिनाई के खाद्यान्न प्राप्त होता रहे। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार राशन उपभोक्ताओं की ई-केवायसी करने वार्डों और ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये जा रहे हैं। जिले के सभी उपभोक्ताओं से इन शिविरों में अथवा उचित मूल्य की दुकानों पर जाकर भी अपनी ई-केवायसी 30 के पहले अनिवार्य रूप से पूरी करा लेने का आग्रह किया गया है।

राशन हितग्राहियों के सामने शिविरों और उचित मूल्य दुकानों के अलावा अब मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपनी एवं परिवार के सभी पात्र सदस्यों की ई-केवायसी करने की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है।

मोबाइल एप के माध्यम से ई-केवायसी करने के लिये राशन हितग्राहियों को अपने स्मार्ट एंड्रॉयड मोबाइल फोन पर गूगल प्ले स्टोर से मेरा ई-केवाईसी एप डाउनलोड करना होगा। मोबाइल एप डाउनलोड करने के साथ ही राशन उपभोक्ताओं को अपने मोबाईल पर फेस आरडी की लिंक को भी डाउनलोड करना जरूरी होगा। हितग्राहियों को इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि मेरा ई-केवाईसी एप का उपयोग करते समय उनकी मोबाईल लोकेशन अनिवार्यतः चालू रहे।

---

# समस्याओं को सुन कलेक्टर ने किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्राम पंचायत पहाड़ी में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने 75 आवेदकों की समस्यायें सुनी। यहां आस-पास के क्षेत्रों से पहुँचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को अपनी समस्यायें बताई एवं आवेदन दिए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।




पहाड़ी ग्राम पंचायत में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद के दौरान सुखदेव कुशवाहा ने अपनी भूमि की बही (ऋण पुस्तिका) बनवाने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने तत्काल मौके पर ही बही पुस्तिका आवेदक सुखदेव कुशवाहा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। यहां कलेक्टर ने स्वयं सुखदेव को अपने हाथों से बही पुस्तिका की प्रति प्रदान की।

ग्राम पंचायत भनपुरा नं. 2 की सरपंच सीमा नायक ने कलेक्टर को आवेदन देते हुये मांग की, कि ग्राम भनपुरा में खेल मैदान, ग्राम हरदुआ में मुक्तिधाम एवं ग्राम हरदुआ के खिरवा में मुक्तिधाम में पानी की बहुत अधिक समस्या है। जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम निवार निवासी सुंदर बाई ने कलेक्टर को बताया कि बीपीएल कार्ड न होने से बहुत समस्या है। जिस पर कलेक्टर ने राजस्व विभाग को गरीबी रेखा का सर्वे कर पात्रतानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम गैतरा निवासी हीरालाल पटेल ने आवेदन के माध्यम से गांव में जगह-जगह बंद पड़े हैंडपंपों की जानकारी दी एवं इन्हें ठीक करवाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने पीएचई विभाग को समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

---

# गिधौआ नाला में मिलकर किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मानव जीवन विकास समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए ग्रामीण एवं समाजसेवियों मे अच्छा उत्साह है और गांव गांव मे सभी का सहयोग मिल रहा है। इसके लोग स्वेच्छा से एकजुट होकर बैठक कर, रैली निकालकर, सफाई कर, श्रमदान कर जल को बचाने प्रयास किया जा रहा है। समित सचिव निर्भय सिंह ने कहा कि जितना ज्यादा से ज्यादा नदि, तालाब, नाले मे बारिस के पानी को रोका जायेगा उतना ही ज्यादा से ज्यादा से कुंआ और बोरबेल्स मे पानी का वाटर लेवल बढ़ेगा और पानी की समस्या आने वाले दिनो मे खत्म हो जायेगी। जल संरक्षण का मतलब है पानी का कुशलतापूर्वक इस्तेमाल करना और बर्बादी से बचना। यह ज़रूरी है क्योंकि ताज़ा पानी एक सीमित संसाधन है और महंगा भी। जल संरक्षण से हम अपने लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्याप्त पानी सुनिश्चित कर सकते हैं। जल संरक्षण के लिए कई तरीके हैं जिन्हें अपनाकर हम जल बचा सकते हैं।



---

पोष्टिक खाद्य पदार्थो का सेवन करने किया गया प्रेरित

# आंगनबाड़ी में खानपान को लेकर दी गई जानकारी, किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा पोषण पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत उमरियापान सेक्टर की आगनवाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उमरियापान के आगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 2,पचपेढ़ी और धनवाही आगनवाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रों में पोषक तत्वों से पोषण वाटिका तैयार किया। पर्यवेक्षक मंजू मिश्रा ने गर्भवती धात्री माताओं को आयरन और कैल्शियम की गोलियों के सेवन व गर्भावस्था से लेकर शिशु के 2 साल पूर्ण करने तक 1000 दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गुणवत्ता पूर्ण पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन करने के बारे में बताया। जिससे कि सही पोषण भी मिले एवं बच्चो का संपूर्ण विकास हो। आगनवाड़ी केंद्र में माताओं को पोषण के बारे में जानकारी दी कि वे रोजाना बच्चों को किस समय क्या आहार दे,जिससे कि बच्चा स्वस्थ्य रहे। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती धात्री माताओं को अच्छे खान पान व प्रसव पश्चात तुरंत एक घंटे के अंदर स्तनपान के बारे में जानकारी दी। उपस्थित महिलाओं को 1000 दिवस खान-पान हर माह बच्चे का वजन करवाना व सही वृद्धि निगरानी के बारे में बताया गया।इस मौके पर आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं उपस्थिति रही।



---

पारिवारिक कार्यक्रमों में रियायती दर पर उपलब्ध होगी बेहतर सुविधा

# जालपा वार्ड में 55 लाख से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जालपा देवी वार्ड में 55 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन के द्वितीय तल का लोकार्पण महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्थानीय वयोवृद्ध श्रीमती सत्यवती खंपरिया से कराया जाकर नगारिकों को सामुदायिक भवन सौंपा गया। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सूरी द्वारा जालपा देवी वार्ड में लगभग 8.10 लाख रूपये से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की सौगात भी नागरिकों को दीं गई।



#### अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है सामुदायिक भवन - महापौर

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बताया कि नागरिकों को पारिवारिक छोटे- मोटे कार्यक्रमों को रियायती दर पर सुविधापूर्ण तरीके से संपन्न करानें हेतु निगम प्रशासन द्वारा जालपा देवी वार्ड में 55 लाख रूपये की लागत से प्रथम तल पर एक बड़ा हॉल सहित छत पर कमरे रसोई घर का निर्माण कराया गया है। यह सामुदायिक भवन महिलाओं एवं पुरूषों के प्रथक प्रथक अत्याधुनिक लेट बाथ, टाइल्स, एडजेस्ट स्लाईडिंग खिड़कियो सहित फ्लर्ड लाईट की सुविधा से परिपूर्ण है। चारों और से ओपन स्पेस होनें के कारण भवन में वेंटीलेशन की भी पर्याप्त सुविधा है।

कार्यक्रम के दौरान पार्षद डॉ रमेश सोनी और स्थानीय नागरिकों ने इस जनोपयोगी सौगात के लिए महापौर श्रीमती सूरी का पुष्पमाला से स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस भवन के माध्यम से न्यूनतम शुल्क पर अच्छी सुविधा मिलने की बात कही। पार्षद श्री सोनी ने कहा कि जालपा देवी वार्ड में नागरिकों की सुविधा हेतु पूर्व में निगम प्रशासन द्वारा लगभग 40 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन के भूतल का निर्माण कराया गया था। नागरिकों की आवश्यकता और सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान में इस भवन में प्रथम तल के निर्माण कार्य के अतिरिक्त पूर्व निर्मित भूतल के कक्षों की दीवारों में टाइल्स, वेंटीलेशन हेतु एडजास्ट एवं लाइटिंग आदि का कार्य कराए जाने से नागरिकों को और भी बेहतर सुविधा इस सामुदायिक भवन के माध्यम से मिल सकेगी।

सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान जालपा देवी वार्ड पहुंची महापौर श्रीमती सूरी ने वार्ड के नागरिकों को अन्य निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की सौगात भी दी। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जालपा देवी वार्ड में 2.35 लाख की लागत से मुक्ति ध्वज निर्माण सहित दो स्थलों पर सी.सी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की मौजूदगी में उत्साहपूर्ण माहौल में किया। जालपा देवी मंदिर पहुंच मार्ग में मुक्ति ध्वज का निर्माण होने से जहां चौराहे का सौदर्यीकरण होगा। वहीं 4.25 लाख रूपये की लागत से वार्ड निवासी श्री लच्छू सिंधी के मकान से गौतम मोहल्ला तक एवं 1.50 लाख रूपये की लागत से श्री रमेश सोनी के घर से रमाशंकर जी के घर तक नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। महापौर श्रीमती सूरी ने निर्माणाधीन स्थलों का निरीक्षण कर सुगम यातायात एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु नाली के ऊपर की पट्टी, रेलिंग,चीप आदि को स्वेच्छा से अलग कर निर्माण कार्य के दौरान निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने का आग्रह भी किया।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिक डॉ सुशील खंपरिया, वैभव राम त्रिपाठी, के एल कनकने, राजेंद्र ठाकुर, मातृशक्ति श्रीमति किरण पाठक, अर्चना मिश्रा, मिथिला पाठक, सरोज गर्ग, वंदना सेन आदि की मौजूदगी रही।

---

# गंदे पानी से आ रही दुर्गंध, राह चलना भी हुआ मश्किल



हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ढीमरखेड़ा मुख्य मार्ग में मडेरा कॉलोनी में सड़क के किनारे गन्दा पानी जमा है। यह गंदा पानी बारिश के दिनों से जमा है। सड़क लोगों के घरों से निकलने वाला निस्तार का पानी और बारिश का पानी जमा हो गया है। नाली जाम होने के कारण गंदा पानी सड़क पर ही जमा हो रहा है। सड़क किनारे जमा गन्दे पानी में कीटाणु बिलबिला रहे हैं। गंदे पानी से दुर्गंध भी आती है। जिससे कि यहाँ रहने वाले लोग परेशान है।बदबूदार दुर्गंध आने से लोगों को बीमार होने का डर सता रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली जाम होने के कारण यह स्थिति बनी है। घरों से निकलने वाला निस्तार का पानी नाली में न जाकर सीधे सड़कों पर एकत्रित हो रहा है। आगे की निकासी न होने के कारण पानी सड़क पर जमा रहता है। मुख्य मार्ग होने के कारण वाहनों का ज्यादा आवागमन होता है। बड़े वाहन तो पानी से निकल जाते है लेकिन दो पहिया वाहन चालकों को दिक्कत होती है। वाहनों के निकलने से जमा पानी लोगों के ऊपर उचटता है। जिससे लोगों के कपड़े खराब हो जाते है और उन्हें परेशान होना पड़ता है। गर्मी के इन दिनों में गन्दे पानी से ज्यादा प्रदूषण फैल रहा है। पानी जमा होने से सड़क किनारे कचरा भी बढ़ता जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सोनिया और राहुल गांधी का युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन

**पन्ना।** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदर्शन कर जांच एजेंसिओं को दवाब बनाने का प्रयास किया जा रहा है। गांधी परिवार ने कांग्रेस पार्टी के ढांचे का उपयोग कर निजी लाभ अर्जित किया है। यह सब वास्तविकता उजागर करने के परिपेक्ष्य में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार भाजपा जिला अध्यक्ष पन्ना बृजेंद्र मिश्रा के निर्देशन में और युवा मोर्चा पन्ना जिलाध्यक्ष भास्कर पाण्डेय के नेतृत्व गांधी चौक पन्ना में कांग्रेस के नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पुतला दहन में मुख्य रूप से नरेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शशांक वर्मा जिला महामंत्री युवा मोर्चा राजकुमार वर्मा सुदीप सिंह यादव पंकज मिश्रा अजय पाठक शिवाजी राजा परमार गजेंद्र सिंह परमार अंकित शर्मा पूरन यादव विनोद तिवारी ऋषभ साहू, निखिल सोनकर सतीश बर्मन जयप्रकाश द्विवेदी अन्य युवा साथी शामिल रहे।

### पन्ना टाइगर रिजर्व में मनाई गई बाघ जन्म दिवस की 15वीं वर्षगांठ

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व, पन्ना में बाघ पुनःस्थापना में प्रथम वार पैदा हुये बाघ शावको की वर्षगांठ प्रत्येक वर्ष 16 अप्रैल को मनाई जाती है। इसी कड़ी में कार्यालय क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व में उप संचालक, सहायक संचालक, वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी एवं कार्यालयीन एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों की उपस्थिति में बाघ जन्मदिवस की 15वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पन्ना बाघ पुनःस्थापना को सफल करने में पन्ना के आम नागरिको एवं पार्क के पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा किये गये अथक परिश्रम को याद किया।

### सामान्य सभा की बैठक हटा जनपद में संपन्न

**दमोह।** जिले की जनपद पंचायत हटा के सभागार में जनपद पंचायत अध्यक्ष की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपाध्यक्ष एवं समस्त जनपद सदस्यों की उपस्थित रही। बैठक में सभी ने अपने अपने क्षेत्र में गर्मियों में पानी की व्यवस्था पर चर्चा की एवं ग्रामों में जो हेंड पम्प ख़राब है, उनका सुधार कार्य के लिये लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग से कहा गया। जिन ग्रामों में मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा योजना का संचालन किया जा रहा है, उन ग्रामों में भी प्रतिदिन पर्याप्त पेय जल उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। बैठक में बताया गया जो सरपंच सचिव जल जीवन मिशन योजना का संचालन नहीं कर रहे हैं, उनके लिए जनपद हटा मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव गोस्वामी द्वारा मध्य प्रदेश शासन की जल जीवन मिशन की गाइडलाइन के तहत जनपद सदस्यों को जल जीवन मिशन की नियमवली से अवगत कराया गया। ग्राम में जलकर राशि एकत्रीकरण एवं ग्राम में योजना के संचालन हेतु वाल्व ऑपरेटर नियुक्त करना ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी है, यदि पाइप लाइन एवं नल कनेक्शन कोई तकनीकी समस्या होती है, तो विभाग की जिम्मेदारी होगी। इस दौरान जनपद सदस्य मध्य प्रदेश जल निगम से उपप्रबंधक एवं सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### खेलों के माध्यम से युवाओं को निरंतर प्रतिभा दिखाने के प्रयास किये जा रहे हैं -संस्कृति राज्यमंत्री

# करौंदी ने नाइट कबड्डी टूर्नामेंट का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले की जबेरा विधानसभा के नगर नोहटा में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी की मौजूदगी में नाईट कबड्डी टूर्नामेंट का तेंदूखेड़ा एवं करौंदी (पड़रिया) के बीच खेला गया जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए करौंदी ने विजय प्राप्त की। इस आयोजन में विधानसभा क्षेत्र के छोटे छोटे गांवों से 32 टीमों ने सहभागिता और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्री लोधी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इन दिनों नितेन्द्र सिंह निरंतर अलग अलग स्थानों पर खेलों का आयोजन करा रहे हैं और युवाओं को मंच प्रदान कर रहे हैं।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 06 अप्रैल 2025 को किया गया जो 10 दिन तक चला जिसमें 32 टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अंतिम दिवस विजेता एवं उपविजेता अपनी कड़ी मेहनत के दम पर फाइनल तक पहुंची। इस आयोजन के संरक्षक नितेन्द्र सिंह एवं उनके सभी सहयोगियों के द्वारा इस आयोजन में निरंतर मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। समस्त सहयोगियों को बहुत बधाई शुभकामनाएं।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा खेलों के माध्यम से युवाओं को निरंतर जबेरा विधानसभा में अपनी प्रतिभा दिखाने के प्रयास किये जा रहे हैं आने वाले समय में युवा खिलाड़ी अपने ग्राम, माता-पिता सहित प्रदेश में अपना नाम रोशन करेंगे जिससे हम सभी गौरवान्वित होंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं देता हूं। टूर्नामेंट में सहयोग प्रदान कर रहे टेक्निकल टीम, अंपायर, कोच, कॉमेंटेटर एवं समस्त समिति और सहयोगियों के काम का सहृदय धन्यवाद, आप सभी की मेहनत से कार्यक्रम सफल और चर्चित बना हुआ है।

नितेन्द्र सिंह ने बताया कि राज्यमंत्री जी के निर्देशन में विधानसभा में निरंतर खेलो का आयोजन किया जा रहा है, इसके पहले नोहटा एन.पी.एल. नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, तेंदूखेड़ा में टीपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट, नोहटा में वॉलीबॉल टूर्नामेंट जैसे खेलों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं, और खेलों के प्रति सभी के बीच रुचि बनी हुई है, खेलों के माध्यम से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास किया जा सकता है। कार्यक्रम में भाव सिंह लोधी, रुपेश सेन, सत्येंद्र सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद बाजपेई, मूरत सिंह, सत्यपाल सिंह, संत कुमार पाल, बंटी दुबे, रोहित जैन, संग्रामसिंह, मनोहर सिंह सहित कमेटी के सदस्य एवं क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

# लगातार अवैध शराब की बिक्री गांव-गांव में जारी

**मड़ियादौ।** मडियादौ पुलिस अवैध शराब की बिक्री कराने के लिए गांव-गांव में लगातार प्रतिदिन दुकान लगाकर बेची जा रही है वहीं पुलिस अवैध शराब माफियाओं पर कार्यवाही करने के लिए डरती हुई नजर आ रही है।

प्राप्त जानकारी अनुसार मडियादौ थाना अंतर्गत के कुछ ऐसे ढाबे व ग्राम चिन्हित वर्धा , पाठा , पाली जहां कभी अवैध शराब की बिक्री पुलिस कभी भी बंद नहीं करा पाई है जिस कारण से अवैध शराब पीने से कई शराबियों की मौत भी हो चुकी है लेकिन पुलिस का लगातार कमिशन आने की दौड़ में शराब माफिया अवैध शराब बेचते हुए नजर आ रहे हैं। सरकार के आदेश के अनुसार कहां गया था अवैध शराब की बिक्री प्रदेश में कहीं भी नहीं होनी चाहिए लेकिन अवैध शराब की बिक्री जगह-जगह ग्रामों में आसानी से मिल रही है जिससे कई कई शराबी शराब के सेवन से परिवार की कलह बने हुए हैं। और शराब के सेवन से शराबी प्रतिदिन घर पहुंच कर परिवार से मारपीट जैसी घटना प्रतिदिन करते हुए घटना सामने आ रही हैं लेकिन फिर फिर भी पुलिस मडियादो थाना अंतर्गत के क्षेत्र में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री लगातार जारी है। मडियादौ थाना क्षेत्र के अवैध कच्ची शराब की बिक्री लगातार जारी है जो बंजारा समुदाय के लोग प्रतिदिन हजारों लीटर शराबियों को पिलाकर उनकी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं वही शराबी घर पहुंचकर परिवार के साथ मारपीट जैसी घटनाएं घटित कर रहे हैं। लेकिन फिर भी पुलिस लगातार ऐसी घटना को देखते हुए कमीशन के दौर में शराब की बिक्री लगातार जारी करवा रही है।

वहीं कुछ दिनों पूर्व में हरिभूमि द्वारा अवैध शराब की बिक्री को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी लेकिन पुलिस द्वारा अवैध शराब माफियाओं व शराब बंद पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं करती नजर आ रही है जिस शराब पर माफियाओं के हौसले बुलंद देखने को मिल रहे हैं।

# सिर्फ धर्म ही आपके साथ जायेगा : पं ब्रजेश गर्ग

**मड़ियादौ ।** दुनिया के सभी लोग माया रूप के मोह फंसे हुए हैं , तेरा मेरा में लगे हैं, संसार में कोई किसी का नही है। सत्य यह है कि आपका सब धन,सम्पदा यही पड़ी रह जाएंगी। धर्म पत्नी दरवाजे तक,कुटुंब परिवार मरघट तक साथ देंगे और आपका तन मिट्टी में मिल जाएगा, सिर्फ धर्म ही आपके साथ जायेगा इसलिए आप हरि भक्ति और धर्म के रास्ते पर चलकर ईश्वर की भक्ति करे। श्री हरि नाम सुमरन करे भजन करें ताकि आपका दूसरा जन्म भी कल्याणकारी हो।उक्त उद्गार श्रीमद्भागवत कथा व्यास पीठ से पण्डित ब्रजेश गर्ग जी ने व्यक्त किये। पण्डित गर्ग ने श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सांसारिक सुखों का मन से त्याग निकाल दो। जब श्रीकृष्ण ने गोपियों से पूछा कि आप इतनी व्याकुल होकर दौड़ते क्यो आई हो ओर भगवान श्रीकृष्ण ने बंसी बजाकर गोपियों को घर लौटने का आग्रह किया लेकिन वे नही मानी और प्रभु के साथ भक्ति करने लगी इसी बीच भगवान श्रीकृष्ण अंतर्ध्यान हो गये,भगवान को अंतर्ध्यान देख गोपियां रोने लगी गोपियां भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति करने लगीं और भगवान गोपियों के बीच मे आये और बैठ गए। एक ग्वाला था जो भगवान के साथ महारास में जाने लगता है लेकिन उसे अंदर प्रवेश नही दिया और द्वार पर चौकीदारी करने लगा,इसी बीच भगवान भोलेनाथ भी महारास में पँहुचे तो ग्वाले ने उन्हें रोक दिया तो भगवान भोलेनाथ गोपी बनकर रास में पँहुच गए और भक्ति रूप रास में रम गए।

# समन्वय समिति की बैठक संपन्न



**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक जिला प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। जिला प्रभारी हर्ष यादव ने कहा कि जिले में अनुशासन समिति का गठन सुनिश्चित किया गया साथ साथ मतदाता पुनिरीक्षय सूची विधानसभा प्रभारी नियुक्त किये गये। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस पार्टी से जिन्होनें भी बगावत की है एवं जो अभी भी अनुशासन हीनता कर रहे है उन्हें जल्द ही नोटिस देकर निस्कासित किया जायेगा। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा संगठन को मजबूत बनाने के लिये पालिंग बूथ तक की तैयारी समन्वय समिति के सदस्य ब्लॉक अध्यक्ष पंचायत एवं वार्ड स्तर पर अभी से तैयारी कर जिला कार्यालय को अवगत कराये। रनेह हटा जिला हजारी पूर्व विधायक प्रताप सिंह, तिलक सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, तेजीराम रोहित, संजय चौरसिया, प्रदीप खटीक, वीरेन्द्र राजपूत, लालचंद राय, रजनी ठाकुर, राव बृजेन्द्र सिंह, प्रदीप पटेल, मानक पटेल, परम यादव, उवेद गौरी, प्रदीप पटेल, शैलेन्द्र खटीक, आशीष पटेल, शिवम ने भी अपने विचार एवं सुझाव रखते हुए कहा कि वह सभी अपनी अपनी विधानसभा पंचायत स्तर पर मजबूती से पार्टी का खड़ा करेगे भाजपा द्वारा जिस तरह तानाशाही पूर्वक प्रशासन को काम करवाया जा रहा है उसका विरोध करने हम सड़को पर उतरकर जनता की लड़ाई लड़ेगें।

# पोषण पखवाड़ा के तहत कार्यशाला का आयोजन



**हरिभूमि, तेजगढ़।** मध्य प्रदेश शासन कृषि विज्ञान केंद्र दमोह के वैज्ञानिक डॉक्टर बी एल साहू के मार्गदर्शन में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक चल रहे पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम देवरी लीलाधर के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यशाला का आयोजन किया गया। . इस अवसर पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामीण महिला पुरुषों से संवाद करते हुए डा साहू ने साजन ,पपीता ,बेल ,मूंगफली आलू ,हरी मिर्च एवं सभी प्रकार की प्रमुख दलों के बारे में उनमें पाए जाने वाले पोषण आहार विटामिनों, कैल्शियम ,प्रोटीन जो भरपूर मात्रा में पाई जाते हैं। हमारी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं और जो हमें गांव में आसानी से प्राप्त हो जाते हैं के बारे में विस्तार से अवगत कराया .इस अवसर पर मनोहर सिंह ठाकुर् शिक्षक, सुशीला ठाकुर् कार्यकर्ता आगनबाड़ी, मनोज रैकवार, कल्पना लोधी, काजल यादव सहितआगनबाड़ी सहायिकाओं की उपस्थिति रही।

# भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ



पथरिया विधानसभा के ग्राम बकायन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 6 मंडल अध्यक्ष के साथ साकिय सदस्यों की मौजूदगी रही है इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री लखन पटेल और राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, साथ ही दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे।सम्मेलन में भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान आगामी चुनावों को लेकर रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया और कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया गया। राज्य मंत्री लखन पटेल ने अपने संबोधन में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब और किसान के हित में लगातार कार्य कर रही है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा गांव, गरीब और किसान के हित में काम किया है। हमारी सरकार ने जो जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, उनसे हर वर्ग को लाभ मिला है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं और अगर हम बूथ स्तर तक मजबूत होंगे तो कोई भी हमें नहीं रोक सकता। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि दमोह क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता दी है। चाहे सड़क हो, बिजली, पानी या शिक्षा—हर क्षेत्र में काम हुआ है। अब समय है कि हम सब मिलकर संगठन को और भी मजबूत करें, विकास कार्यों की जानकारी साझा करें और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संदेश दिया। राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत हैं। जब कार्यकर्ता सक्रिय और समर्पित होता है, तब संगठन भी सशक्त होता है। हम सबका एक ही लक्ष्य है—'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास'। आइए, मिलकर इस लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएं। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी सदानंद गौतम, , जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, नरेंद्र व्यास,बटियागढ़ मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव पटेल , धर्मेंद्र कटारे , पंडित राजेंद्र बिदौलिया माया पटेल युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित सिंह राजपूत, सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मंच पर उपस्थित रहे।

# मुक्तिधाम में चलाया स्वच्छता अभियान

**पटेरा।** गुरूवार को पटेरा के हटा रोड पर स्थित मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई 1 कटीली झाड़ियां को काटना, जरिया आदि को ट्रैक्टर ब्लड , विकेट से साफ किया गया 1 दोनों ट्रैक्टरों का सहयोग नगर परिषद द्वारा किया गया 1 आज के स्वच्छता कार्यक्रम में तहसीलदार महोदय राजेश सोनी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवार, नवांकुर संस्था अध्यक्ष मुन्नालाल अवधिया,पार्षद पुष्पेंद्र सोनी, हर प्रसाद चौरसिया, बलराम पटेल, शंकर लाल तंतुवाय, पार्षद कन्नू बंसल,कमलेश नामदेव , दिनेश सेन ने समय दान देकर मुक्ति धाम को स्वच्छ किया।



# इस माह ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने उपभोक्ताओं से कहा है राशन दुकानों से राशन लेने वाले उपभोक्ताओं को ई.-के.वाई.सी कराना इस महीने में अनिवार्य है। यदि उपभोक्ता की ई.-के.वाई.सी नहीं होती तो अगले माह से राशन मिलने में दिक्कत आ सकती है। इसके लिए राशन की दुकान पर या फिर राशन के विक्रेता है, वह घर-घर जा करके भी संपर्क करके ई.के.वाई.सी कर रहे है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने एक नई व्यवस्था दी है, इसके संबंध में कलेक्टर ने बताया एक ऐप है, जिसका नाम है मेरा ई.-के.वाई.सी ऐप और इस ऐप के माध्यम से आप घर बैठे स्वयं ई.-के.वाई.सी कर सकते है, खास तौर से छोटे बच्चों की ई.-के.वाई.सी करने के लिए ऐप बड़ा मददगार है। जिले में बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने इस मेरा ई.-के.वाई.सी ऐप को डाउनलोड करके और इसके माध्यम से ई.-के.वाई.सी घर पर ही करना प्रारंभ कर दिया है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा उपभोक्ताओं को ध्यान रखने की बात यह है, की ऐप मध्य प्रदेश से बाहर नहीं चलता है, जो लोग हमारे दमोह जिले के उपभोक्ता हैं, जो मध्य प्रदेश में है, बस वही लोग इसका उपयोग कर सकते हैं, और इसमें फेस रिकग्निशन होता है, फेस रिकग्निशन के माध्यम से ई.-के.वाई.सी हो जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने आग्रह करते हुए कहा उपभोक्ता या तो नजदीक की राशन दुकान पर जाकर के ई.-के.वाई.सी कराये या फिर यदि आपके यहाँ पर राशन दुकान के प्रबंधक आते है, तो उनके माध्यम से ई.-के.वाई.सी करवाइये और यदि यह भी संभव नहीं है, तो ऐसी स्थिति में ई.-के.वाई.सी ऐप डाउनलोड करके घर पर स्वयं का ई.-के.वाई.सी करिये और एक मोबाइल नंबर से कई सारे ई.-के.वाई.सी हो सकते है, अपने बच्चों का, अपने परिजनों का, ई.-के.वाई.सी फेस रिकग्निशन के माध्यम से कर सकते है, यह बहुत ही आसान तरीका है। इस तरीके कलेक्टर की फेसबुक पर और सोशल मीडिया पर बताया जा रहा हैं, की क्या करना पड़ेगा । उसके लिए उसका जो यूज़र मैन्युअल है, आपको दिया गया हैं। अधिक से अधिक संख्या में इससे जुड़ करके ई.-के.वाई.सी करायें ताकि किसी को भी अगले महीने राशन के लिए परेशान न होना पड़े।

# श्री सीताराम विवाह का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन



ग्राम झलौन में सार्वजनिक रूप श्री श्री पंच कुण्डात्मक रुद्र महायज्ञ एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन ओम प्रकाश दास सान्निध्य में संपन्न कराया जा रहा। यज्ञाचार्य पंडित संदीप चतुर्वेदी द्वारा मंत्रोच्चारण कर पूजन कराया है। प्रवचन कर्ता वाराणसी से पधारी साध्वी प्रियंका पांडे जी ने राम कथा के पंचम दिन सीता राम विवाह के प्रसंग का वाचन हुआ। सीता स्वयंवर और प्रभु श्री राम के धनुष उठाने वाले दृश्य का जीवंत वर्णन कर सभी को भाव विभोर कर दिया। अयोध्या से मिथिला तक बारात की यात्रा और मिथिला में बारात के आतिथ्य सत्कार पर भी कथा में चर्चा हुई। ने कहा कि पूजा में भाव की महत्ता होती है, प्रभु भक्त के भाव को देखते हैं। यदि हम राम को पाना चाहते हैं तो वे हमें अनुराग से प्राप्त होंगे। प्रभु की छवि को ही मन में बसाना होगा। एक बार छवि मन में बस गई तो राम सब जगह दिखेंगे। भगवान भक्तों का सदैव उचित ही करते हैं। राम को यह पता है कि किसे किस वस्तु की आवश्यकता है, उनसे वह मांगने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। लेकिन हमको इस बात पर विश्वास नहीं होता इसलिए हम उनसे उसे मांगने लगते है। साध्वी जी आगे यह भी कहते है कि यदि जीवन में कभी कुछ प्राप्त न हो रहा हो तो मांगने की वस्तु बदल कर देखना चाहिए। राम कथा में मनोकामना और पूजा के संबंध के बारे में भी बताया गया। कुछ लोग प्रभु की आराधना मनोकामना की प्राप्ति के लिए करते हैं और जैसे ही मनोकामना पूर्ण होती है पूजा बंद कर दी जाती है। राम कथा में श्रद्धालु कथा का लाभ लेने के लिए पधार रहे हैं। झलौन एवं क्षेत्रवासियों का कथा के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। बनारस से पधारे राष्ट्रीय प्रवक्ता बालमुकुंद शास्त्री जी द्वारा श्रीराम-हनुमान जी मिलन, बाली वध, लंका दहन आदि प्रसंगों का वर्णन किया। शास्त्री जी ने सर्वप्रथम श्रीराम-हनुमान जी मिलन का प्रसंग सुनाया। कहा कि श्रीराम को देखते ही हनुमान जी उनकी मनःस्थिति समझ गए और सुग्रीव से मित्रता कराई। जहां पर सुग्रीव ने मां सीता की खोज में सहयोग का आश्वासन देते हुए प्रभु श्रीराम से बाली के विरुद्ध युद्ध में सहायता मांगी। बाली वध के बाद सुग्रीव के कहने पर हनुमान जी लंका पहुंचे। कथा व्यास ने इस दौरान हनुमान जी के विभीषण से संवाद और अशोक वाटिका में मां सीता के साथ संवाद का प्रसंग विस्तार से चौपाइयों सहित सुनाया। इसके बाद हनुमान जी द्वारा लंका दहन करने और मां सीता से निशानी लेकर वापस प्रभु श्रीराम के पास पहुंचने का प्रसंग सुनाया।

# वरिष्ठ पेंशनर्स का जन्मदिन मनाया



**हटा।** मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज तहसील हटा द्वारा गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ परिसर में मासिक बैठक वरिष्ठ पेंशनर्स श्यामलाल नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें तहसील अध्यक्ष रूप सिंह राजपूत द्वारा उपस्थित लोगों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई एवं बैठक में सभी पेंशनर्स द्वारा चर्चा कर हटा में दमोह की भांति पुस्तक मेले का आयोजन किए जाने हेतु एसडीएम से मुलाकात कर अनुमति प्रदान करने कलेक्टर से पेंशनर्स समाज की ओर से निवेदन किया जाए ताकि हटा में पुस्तक मेला लगाए जाने की अनुमति मिल सके जिससे नगर की प्राइवेट स्कूलों में अध्यनरत बच्चों के अभिभावकों को आर्थिक बोझ ना पड़े। इसके उपरांत बैठक में उपस्थित समस्त पेंशनर्स द्वारा नए सदस्य वीरेंद्र गौतम का फूल मालाओं से स्वागत कर सम्मान किया वही पेंशनर्स समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ अपने वरिष्ठ साथी श्यामलाल नामदेव का 72 वा जन्मदिन मनाकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना कर खूब खुशियां बांटी। बैठक में अध्यक्ष रूपसिंह राजपूत, चंद्रभूषण खरे, गर्जन लाल अठया, संतोष शर्मा, हरिशंकर अठया, दशरथ पाठक सहित अन्य पेंशनरों की उपस्थिति रही।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 28 अप्रैल से प्रारंभ

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रशिक्षण शिविर के संबंध में आज समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में हॉकी, खो-खो, कबड्डी, बॉस्केटबाल, वालीबॉल, हैण्डबाल, फुटबाल, ताईक्वान्डो आदि खेल आयोजित होंगे। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले खिलाड़ी की आयु 12 से 18 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इसी प्रकार विकासखण्ड मुख्यालयों में 02 स्थानीय प्रचलित खेलों का आयोजन ग्रामीण युवा समन्वयकों के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में जिला खेल संघों के पदाधिकारी, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग के क्रीडा अधिकारी एवं विभागीय प्रशिक्षक/ ग्रामीण युवा समन्वयक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी केन्द्र में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**दमोह।** म.प्र. जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था नगर विकास प्रस्फुटन समिति बटियागढ़ द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 106 में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने और युवा बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा अनेक कदम उठाये जा रहे हैं। इसी क्रम में म.प्र.जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई के साथ कानूनी अपराध भी है। बाल विवाह से जहां बालिकाओं एवं बालकों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। वहीं, बाल अधिकारों का हनन भी होता है। बाल विवाह अधिनियम के अंतर्गत विवाह के लिए बालिका की आयु 18 वर्ष व बालक की आयु 21 वर्ष निर्धारित की गई है समाज मे बाल विवाह न हो इसलिये जागरूकता जरूरी है साथ ही माहवारी स्वच्छता एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसके प्रति महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करना अति आवश्यक है। समाज में माहवारी से जुड़ी कुरीतियों को दूर करने और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। रवि तिवारी ने कहा कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का ध्यान न रखना गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकता है। नियमित स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है माहवारी स्वच्छता अंतर्गत सैनेटरी पैड्स समिति द्वारा वितरण किये। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमंती रोहित ने बताया अभी पोषण पखवाड़ा चला रहा है जिसमें किशोरियों में होने वाले बदलाव पर चर्चा करते हैं, कुपोषण मुक्त समाज एवं स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सहायिका प्रेमबाई अठ्या, नारायण प्रसाद बंसल,सहित महिलाएं व बालिकाएं प्रमुख रूप से मौजूद रही।

परिजनों ने जताई हत्या कर फेंकने की आशंका, पेशी पर जाने घर से निकला युवक वापिस नहीं लौटा

# केकरा नदी में उतराती मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



गुरुवार की सुबह तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कोड़ल गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक की लाश केकरा नदी में मंदिर के पास मृतक का पिता जब अपनी भैंसों को पानी पिलाने के लिए गया था उसी दौरान मिली है। घटना की सूचना परिजनों ने तेन्दूखेड़ा पुलिस को दी गई जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार हरिशंकर पिता भुजवल यादव यादव उम्र 32 वर्ष निवासी कोडल है जो कि सोमवार को घर से सुबह रहली के लिए निकला था लेकिन वापस लौटकर घर नहीं आया था। लेकिन गुरुवार की सुबह जब हरिशंकर के पिता भुजवल यादव अपनी भैंसों को लेकर पानी पिलाने के लिए नदी किनारे पहुंचे तो उन्होंने झाड़ियों के पास बाइक और कुछ दूर जूते नजर आए तो उन्होंने बाइक की पहचान करते हुए उन्होंने देखा तो मंदिर के पास नदी में अपने पुत्र का शव नजर आया। खबर फैलते ही लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया जहां पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं हरिशंकर के पिता भुजवल यादव व अन्य परिजनों ने हत्या कर शव को नदीं में फेंकने के आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने बताया कि हरिशंकर सोमवार को सुबह से रहली के लिए निकला था क्योंकि उसकी पत्नी से विवाद चल रहा था जिसके कारण थाने में मामला दर्ज था और मामला कोर्ट में पहुंचा गया था। लेकिन पेषी करने के बाद वह वापस नहीं लौटा ना ही उसका फोन आया मृतक के पिता ने बताया कि हरिशंकर के सुसराल वाले आए दिन परेशान कर रहे थे और जान से मारने की धमकी देते रहते थे। उन्होंने ही इसकी हत्या कर शव नदी में फेंक कर चले गए क्योंकि नदी में दो दिन तक कोई भी लाश नहीं थी और आज लाश मिलना बड़ी बात है क्योंकि इस नदी किनारे हर दिन दर्जनों लोग अपने मवेशियों को पानी पिलाने और खुद लोग नहाने के लिए आते हैं लेकिन तीन दिन तक यहां पर कोई भी बाइक ओर नदी में लाश नहीं थी लेकिन आज सुबह लाश मिलना बड़ा सवाल है।

### इनका कहना है

उपनिरीक्षक रंजीत कुमार अहिरवार ने बताया कि सुबह सूचना मिली पर मौके पर पहुंचकर शव को नदी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा कि युवक की हत्या कर शव नदी में फेंका गया है या फिर पानी में डूबने से मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है जांच में जो भी तथ्य पाएं जाते हैं उसके आगे कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात कारणों से दो किसानों की खड़ी फसल में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेंदूखेड़ा थाने अतर्गत ग्राम मोहड़ में बुधवार को दो किसानों के खेतों में अचानक आग लग गई आग कैसे लगी इसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है मगर दोनों जगह लगी आग में किसानों की जरूर नुकसान हुआ है क्योंकि आग लगने से उनके खेत में लगी फसल जलकर राख हो गई। आग बुधवार को दोपहर के समय लगी जिसमें किसान अनिता पति भुजन लोधी की ढेर एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह जल गई। दूसरी घटना मोहड़ में ही हुई प्रहलाद पिता बहादुर लोधी के खेत में आग लग गई और खेत में लगी फसल जल गई। आग देख ग्राम के लोग दौड़े और पानी ओर झाड़ियों के सहारे आग पर काबू किया अनिता लोधी ने बताया आग कैसे लगी पता नहीं किंतु ढेर एकड़ खेती भी उनके पास थी और खेती से ही परिवार का भ्रमण पोषण होता था आग लगने के बाद लगी फसल जल गई। प्रहलाद लोधी ने बताया कि आग लगने से उनके एक एकड़ खेत में लगी फसल भी जल गई जनपद सदस्य सोनी यादव ने बताया दोनों किसानों के खेत आजू बाजू है। आग कैसे लगी ये तो पता नहीं चला है मगर फसल दोनों किसानों की जल गई ग्राम के लोग दौड़े पर आग पर काबू किया ।

### मार्ग है खराब

ग्राम मोहड़ जंगली क्षेत्र के बीचों बीच बसा ग्राम है इस ग्राम तक पहुंचने के लिए काफी परेशानियों का ग्राम के लोगों को सामना करना पड़ता है क्योंकि मोहड़ ग्राम जाने के लिए सीधा मार्ग झलोन मार्ग से लमटी की टेक के ऊपर से जाना पड़ता है मगर यह जंगली क्षेत्र है और ग्राम पहुंचने के लिए सात किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ी है। इसलिए घटनाओं और आकस्मिक सुविधाओं का ग्राम के लोगों को तत्काल लाभ नहीं मिल पाया कुछ दिन पूर्व भी गेहूं की लाक से भरी ट्राली में आग लग गई थी ग्राम के लोगों ने घरों के पानी की मदद से आग पर काबू पाया था। इसी तरह बुधवार को भी दो किसानों के खेतों में आग लगी गई किसानों ने पहुंचकर घरों के पानी और पेड़ों की झाड़ियों की मदद से आग पर काबू किया। जनपद सदस्य ने बताया फायर बिग्रेड वाहन ग्राम तक पहुंच नहीं पाता इसलिए सूचना नहीं दी कई वर्षों से सड़क निर्माण की हमलोगो माग कर रहे है किंतु आज तक हमारी मांग पूरी नहीं हुई।

# फांसी के फंदे पर घुटनों के बल लटका हुआ युवक का शव मिला

### युवक के परिजनो ने हत्या कर लटकाने का लगाया आरोप, डॉग स्क्वायड की टीम ने पहुंचकर जॉच करने के बाद उतारने दिया शव



**तेंदूखेड़ा।** बुधवार की शाम थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम महगुवा कला में एक युवक का शव उसके घर की लोहे की खिडकी से घुटने के बल पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई क्योंकि जिस तरह से युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला है। उसे देखकर परिजनो ने हत्या कर शव लटकाने का अंदेशा जताया साथ ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फंदे से शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से मना कर दिया। जिस कारण तारादेही एवं तेंदूखेड़ा थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। पुलिस ने जब गुरूवार की दोपहर को दमोह से डॉग स्क्वायड की टीम बुलाकर सम्पूर्ण घटना स्थल की जॉच कराई गई इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। महगुवाकला ग्राम में बुधवार की शाम 7 बजे अमित पिता सटटी अहिरवार उम्र 20 वर्ष का शव घर के अंदर खिडकी में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला है गुरूवार की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस जब शव को फंदे से उतारने का प्रयास किया तो परिजनो ने शव को उतारने से पुलिस को मना कर दिया। साथ ही दमोह से पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और डॉग स्क्वायड टीम को बुलाने की मांग पर अड़ गए जिसके बाद दोपहर तीन बजे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले से डॉग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंची और डॉग को घटनास्थल से पूरे गांव में घूमाया गया। डॉग पूरे गांव में घूमने के बाद मौके पर पहुंचा जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को शव उतराने व पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अमित अहिरवार के अज्ञात कारणों के चलते घर पर ही दीवार के बीच मैं लगे लोहे की खिड़की से फांसी से लटका हुआ था लेकिन खिड़की की उचाई कम होने के चलते युवक का आधा धड़ जमीन पर टिका हुआ था। जिस कारण हत्या करने का अंदेशा जताया जा रहा था। परिजनों का आरोप था कि फांसी लगाने वाले व्यक्ति का शरीर जमीन से टिका नहीं रहता है या फिर आधे पैर ही जमीन से टिके रहते हैं लेकिन अमित का आधा धड़ ही जमीन से टिका हुआ था। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। परिजनों ने बताया कि घर पर कोई नहीं था और युवक कुछ दिनों से टेंशन में चल रहा था। क्योंकि पूर्व में मृतक अमित अहिरवार के पिता की जनवरी माह में मौत हो चुकी है। मृतक के पिता का भी शव गांव के बाहर तलैया के पास मिला था जिसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे। क्योंकि पिता सटटी अहिरवार भी जंगल में बकरियों को चराने के लिए गया था लेकिन देर-रात तक घर नहीं लौटा और सुबह गांव के पास ही तलैया में सटटी अहिरवार का शव मिला था और परिजनों द्वारा हत्या करने के आरोप लगाए थे। अमित के दादा बुद्धू अहिरवार ने बताया कि मेरे बेटे सटटी की मौत के बाद से ही नाती टेंशन में चल रहा था। उसे भी हत्या किए जाने की आशंका थी क्योंकि उसके पिता की भी पूर्व में हत्या हुई थी लेकिन पुलिस द्वारा कोई जांच ओर कार्रवाई नहीं की गई।

# बाल विवाह एक कानूनन अपराध है, बाल विवाह की रोकथाम में अपना अमूल्य योगदान दें-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आम नागरिकों से कहा अब विवाह के मुहूर्त आ रहे हैं, लगातार विवाह होना प्रारंभ हो गये है, अक्षय तृतीया भी नजदीक है, ऐसी स्थिति में बाल विवाह होने की संभावना रहती है। कल ही दो बाल विवाह लोगों की सूचना के आधार पर जिला प्रशासन ने रुकवाए है।जिसने इसकी सूचना दी कलेक्टर श्री कोचर ने उन्हें धन्यवाद दिया है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा बाल विवाह एक कानूनन अपराध है, और इस अपराध में सबसे बड़ी बात यह है कि इस अपराध में शामिल हर वह व्यक्ति जिसने किसी भी प्रकार से इसका अनुमोदन किया है, वह सब इस अपराध के भागी बनते हैं। उन्होंने आग्रह किया है, कि बाल विवाह की रोकथाम में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा न ऐसा विवाह किसी को करने दे, न ऐसे विवाह समारोह में आप उपस्थित रहे और यदि कोई ऐसा करने की स्थिती कहीं लगता है, तो इसकी सूचना जिला प्रशासन को तत्काल दें संबंधित की पूरी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी और इससे एक जीवन जो नरक में जाने से बचा सकेंगे। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया बाल विवाह की रोकथाम में अपना अमूल्य योगदान दें।

# चैक बाउंस के आरोपी को 6 माह का कारावास

**दमोह।** न्यायाधीश धर्मेश भट्ट द्वारा प्रस्तुत अपील को विवरण न्यायालय के निर्णय मानते हुये निरस्त कर दी है, परिवादी की जोर से अधिवक्ता मनीष चौबे ने की। अधिवक्ता मनीष चौबे के अनुसार अजय बाधवानी पिता नरेश बाधवानी निवासी कच्चा सिंधी कैंप डॉ० अग्रवाल स्कूल के सामने दमोह आरोपी कविता रोहड़ा पति श्री श्यामकुमार रोहडा उम्र 53 वर्ष निवासी कच्चा सिंधी कैंप डॉ० अमवाल स्कूल के सामने दमोह चाची एवं भतीजे के मधुर संबंध के चलते परिवादी से अपनी व्यवसायिक प्रयोजन को बताकर दिनांक 25.9.2023 को 1,05,000 अंकन एक लाख पाँच हजार रूपये उधार दिये थे आरोपी ने उधारी चुकाने के लिये दो चेक दिये एक बैंक 80,000 रूपये का एवं दूसरा चैक 25,000 रूपये के दिये थे आरोपी के खाते में राशि न होने से चैक बाउंस हो गये जिससे परिवादी ने न्यायालय में केश पेश किया था। विचारर्ण न्यायालय ने मामले को सिद्ध पाते हुये आरोपी को 6 माह का कारावास एवं 1,14,682 रूपये का दण्डादेश पारित किया था इस निर्णय के विरूद्ध आरोपी ने सत्र न्यायाधीश में अपील पेश की। अपील प्रकरण द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीशं ने आरोपी द्वारा विचारण न्यायालय के विरूद्ध उठाये गये तथ्यों को योग्य नहीं मानते हुए विचारण न्यायालय द्वारा दिये दण्डादेश को सही व उचित मानते हुये हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं मानकर आरोपी को 6 माह का सश्रम कारावास सहित प्रतिकर की रात्रि सजा को बरकरार रखा है।

# नगर में नालियां चोक,गर्मी में बारिश जैसे जल भराव



**पथरिया**-नगर में साफ सफाई व्यवस्था उचित ढंग से नही होने के कारण जगह जगह गंदगी का आलम बना हुआ है वही नगर के वार्ड नं 12 में नालियां चोक होने से गर्मी के मौसम में बारिश जैसे जल भराव हो रहा है फर्क सिर्फ इतना है कि बारिश में पानी अधिक होने से तो अभी नालियां चोक होने से जल सप्लाई चालू हुई और पानी की निकासी नहीं होने से गंदे पानी का भराव हो जाता है।

# सातवाँ पोषण पखवाड़ा दिवस मनाया



**दमोह।** टाईम्स महाविद्यालय में 7वाँ पोषण पखवाड़ा मनाया गया जिसके अन्तग्रत महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा पोस्टर बनाये गये, एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक संजय विश्वकर्मा द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर डा सुशील गुप्ता द्वाराआहार में प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाइडेट एवं घरेलू पोषण आहार के रूप में दिनचर्या में तुलसी, नीम एवं अधिक से अधिक पानी एवंअन्य पेय पदार्थ का सेवन करने लिए कहा गया । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा मनजीत कौर साहनी जी, डा सुनीता गुप्ता, डा निशा सरवरिया, श्रीमति साधना , श्रीमति प्रिया सोनी सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

# आंगनबाड़ी केंद्र के सामने डाला जा रहा कचरा



### बदबू से परेशान नौनिहाल नहीं बैठ पा रहे आंगनवाड़ी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

एक और जहां जिले के कलेक्टर नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने हेतु अभियान स्वयं सहभागिता निभाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं और नगर में रोजाना मॉनिटरिंग करने हेतु नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित कर रहे हैं लेकिन नगर में संचालित कुछ मेरिज गार्डन संचालक रोड़ों पर गंदगी फैलाकर स्वच्छता अभियान को पलीता लगा रहे हैं ऐसा ही कुछ माजरा चंडी जी वार्ड में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के सामने देखने को मिला जहां केंद्र के सामने पड़ी गंदगी की बदबू से परेशान नौनिहाल आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं बैठ पा रहे हैं। दरअसल हटा नगर के चंडी जी वार्ड गुप्ता लॉज के पीछे जवाहर वार्ड वाली गली मैं आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है जहां पर 10 कम की दूरी पर एक शिवाय नाम से मैरिज गार्डन संचालित किया जा रहा है। इस समय शादी विवाह का सीजन चल रहा है इससे रोजाना ढेर कचरा गार्डन से निकलता है जो मैरिज गार्डन के सफाई कर्मचारियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के सामने डाल दिया जाता है जिससे गुरुवार की दोपहर आंगनबाड़ी केंद्र के सामने पड़े सड़े गले खाना एवं डिस्पोजलों की बदबू फैलने से आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का बैठना मुश्किल हो रहा था यहां तक की वहां से निकलने वाले लोग भी बदबू से काफी परेशान दिखाई दे रहे थे आसपास के लोगों नहीं बताया कि मैरिज गार्डन केक सफाई कर्मचारियों द्वारा रोजाना इसी तरह से कचरा डाल दिया जाता है जबकि नगर पालिका के सफाई कर्मचारी रोजाना सुबह सफाई करके चले जाते हैं इसके बाद गार्डन के लोगों द्वारा कचरा डाल दिया जाता है जिससे हम लोग बदबू से काफी परेशान रहते हैं आंगनबाड़ी के अलावा आसपास के लोगों का बाहर निकलना मुश्किल होता है। जब इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे से बात की तो उनका कहना था कि यदि सड़क पर मेरिज गार्डन के कर्मचारियों द्वारा कचरा डाला जा रहा है तो निरीक्षण कर मैरिज गार्डन संचालक को नोटिस देकर कार्यवाही की जावेगी।

# बीड़ी उद्योग पतन की कगार पर

**दमोह।** भारती बीड़ी मजदूर संघ के संभागीय अध्यक्ष झुन्नीलाल राही ने सांसदों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि दमोह सांसद राहुल सिंह, टीकमगढ सांसद वीरेंद्र कुमार खटीक, खजुराहो सांसद बीडी शर्मा, सागर सांसद लतावान खेडे आदि की मिली भगत से इन्होंने सागर संभाग की बीड़ी के पलायन की कोई भी मांग नहीं उठाई और धीरे-धीरे बीड़ी उद्योग समाप्त हो गया जबकि इन्होंने गुटखा पाउच एवं सिगरेट को ज्यादा महत्व देकर उसको बढ़ावा दिया, है और आज बीड़ी उद्योग समाप्त हो रहा है जबकि सागर संभाग में सबसे ज्यादा बीड़ी बनाने वाली मजदूर और तेंदू पत्ता तोड़ने वाली मजदूर हैं जो आज सागर संभाग से दूसरे प्रदेशों में रोजी-रोटी कमाने के लिए पलायन कर रहे हैं इससे उनके बच्चों की शिक्षा पिछण रही है और कोई भी परिवार का शिक्षित नहीं हो पा रहा है ऐसे सांसदों को हमें एक सीख देना होगी आने वाले समय में जो हमारी मांगों को नहीं उठाते और सागर संभाग में कोई भी नया उद्योग लगाने की कोशिश नहीं करते है।

ना दुकानों के बाहर रेट लिस्ट ना जिम्मेदार कर रहे जांच...

# शराब दुकानों में वसूले जा रहे बेहिसाब दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बेशक शराब हानिकारक है शराब ठेकेदार शराब बेचकर कमाई करते हैं, और इससे लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ता है वावजूद इसके धंधे में कोई हिसाब ही ना रहे और ग्राहकों को खुलेआम लूटा जाता रहे। ठेकेदार नियम का पालन न करें और जिम्मेदार आंखें मूंदकर देखते रहें..कुछ ऐसा ही हो रहा है बनवार बम्होरी की शराब दुकानों में यहां। ना तो दुकानों पर रेट लिस्ट लगी है और ना ही उसके हिसाब से दाम लिए जा रहे है। रेट वही जो ठेकेदार तय कर दे। देशी शराब में ज्यादा तो अंग्रेजी शराब बिक्री में धांधली सरेआम हो रही मनमाफिक वसूली से तंग ग्राहक सुनाए भी तो किसको क्योंकि शराब के इस धंधे में सबकी कमीशन सेट होने कोई सुनता भी तो नहीं है शराब के शौकीन लोगों का कहना है शराब दुकान वाले ने अधिकतम खुदरा मूल्य से ज्यादा रकम वसूल कर रहे है। अधिक दाम का विरोध करने पर दुकान पर काम करने वालों ने द्वारा बद्तमीजी की जाती है। हमारी टीम ने जब इसकी पड़ताल की तो बनवार बम्होरी सहित जबेरा जनपद की एक भी शराब दुकान के बाहर रेट लिस्ट नहीं लगी मिली। जबकि ग्राहकों की सुविधा के लिए आबकारी विभाग ने इसे लगाने का आदेश जारी कर रखा है। प्लेन देशी शराब के पाव की अधिकतम कीमत 60 से 70 रुपए है, जबकि इसके 80 रुपए वसूले जा रहे हैं। देशी मसाला शराब के अधिकतम 85 से ₹100 रुपए की बजाय 110 रुपये (कहीं-कहीं 115 भी) वसूले जा रहे है। अधिक वसूली के सवाल पर शराब दुकान वाले ग्राहकों को दम देकर चुप करवा दिया जाता है अकेले नोहटा थाना में बनवार बम्होरी दो कंपोजिट शराब की दुकानें है। जिसके अंतर्गत दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत में 50 से अधिक गांव आते है और एक दिन हजारों पाव एक दुकान से बिकते हैं और प्रति नग 10 रुपए भी अधिक वसूल होते हैं तो एक ही दुकान की अवैध कमाई की बात की जाए 25 से 30हजार रूपयों की होती है। इस प्रकार पूरी जबेरा जनपद की 10 दुकानों पर एक दिन की अवैध कमाई का आंकड़ा महीने करोड़ में होता है। इस पर आबकारी अधिकारियों को सतत निगरानी रखनी चाहिए, लेकिन वे लाइसेंसी शराब दुकानों को उपकृत करने के लिए न तो शराब दुकान से गांव गांव में हो रही अवैध शराब की सप्लाई रोकने पर कार्यवाही हो रही और न ही रेट से अधिक दामों शराब की बिक्री पर अंकुश लगाया जा रहा है जबकि आबकारी विभाग के आदेश में साफ लिखा है कि कम्पोजिट मदिरा दुकानों के अनुज्ञप्तिधारियों को अपनी दुकानों के बाहर मदिरा की दर सूची स्पष्ट अक्षरों में प्रदर्शित करनी है। लेकिन बनवार बम्होरी दोनों दुकानों पर पड़ताल की। कहीं भी रेट लिस्ट नहीं थी। ग्राहकों से अधिक दाम की वसूली हो रही थी।

जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र खरे का कहना है यदि किसी दुकान पर सूची नहीं लगी है तो वह दिखवा लेते हैं शराब के अधिक दाम वसूली को लेकर भी जांच करवा लेते हैं।

# चाट दुकान से लिये नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने तेंदूखेड़ा नगर एवं ग्राम तेजगढ़ में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए चाट,फुल्की, नाश्ता दुकानों में विक्रय हेतु संग्रहित समोसे, जलेबी, चाट, मटर, जीरा पानी, चटनी का विनष्टीकरण करवाया। चाट दुकानों से मगोड़ी एवं समोसे के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। जिले के तेंदूखेड़ा नगर में बस स्टैंड एवं तारादेही रोड स्थित खुशबू चाट एवं नाश्ता भंडार, हिमांशी चाट भंडार, माही चाट सेंटर, तुलसी चाट भंडार, प्रभु चाट फुल्की सेंटर, विशाखा चाट सेंटर, गपा-गप हपा-हप चाट सेंटर, वकील चाट सेंटर, लवकुश चाट सेंटर ,सपना चाइनीज सेंटर, रिद्धि सिद्धि नाश्ता सेंटर, महावीर चाट सेंटर एवं ग्राम तेजगढ़ में बस स्टैंड स्थित रतनदीप जैन रेस्टोरेंट, तीन भाई होटल, जैन चाट सेंटर, तारण तरण चाट सेंटर एवं अरिहंत चाट सेंटर का निरीक्षण किया गया है। बस स्टैंड स्थित हिमांशी चाट भंडार से मगोड़ी एवं तारादेही रोड स्थित श्री महावीर चाट सेंटर से समोसे के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं, जिनको गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। मौके पर चाट सेंटर में विक्रय हेतु संग्रहित चाट,मटर,जीरा पानी,आलू मसाला, समोसे, जलेबी सहित अन्य खाद्य सामग्री की 28 किलो मात्रा बाजार मूल्य लगभग 1400 रुपए का दूषित अवस्था में एवं प्रतिबंधित मेटानिल यलो कलर की मिलावट मिलने पर विनष्टीकरण किया गया है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं राजेन्द्र प्रसाद अग्निहोत्री पुत्र श्री काशीराम अग्निहोत्री निवासी ए-22, एलोरा कालोनी सिविल वार्ड दमोह जिला दमोह का निवासी हूं। मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता के नाम में सिर्फ काशीराम लिखा है जबकि मेरे पैन कार्ड व आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में भी मेरे पिता का नाम काशीराम अग्निहोत्री लिखा है अतः मेरे पासपोर्ट में भी इसी तरह राजेन्द्र प्रसाद अग्निहोत्री पिता काशीराम अग्निहोत्री लिखा जावे। सर्वसाधारण को सूचित हो।

राजेन्द्र प्रसाद अग्निहोत्री
पिता काशीराम अग्निहोत्री
ए-22, एलोरा कालोनी
सिविल वार्ड 9, दमोह